## संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

### भर्ती प्रक्रिया में जनजातीय युवाओं को प्राथमिकता दें - कलेक्टर

**नारायणपुर** - आज कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में कलेक्टर श्री अजीत वसन्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों तथा योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एनीमिया के रोकथाम हेतु कार्य योजना बनाने तथा गांव-गांव सर्वेक्षण हेतु समय सीमा निर्धारण करने के साथ ही ग्रामीणो में दवाईयां के नियमित सेवन के प्रति जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन भी लाने के लिए आवश्यक प्रयास करें। इसके अलावा उन्होने मलेरिया प्रकरण में कमी लाने, उसके पूर्ण उपचार, टीबी रोकथाम कार्यक्रम के तहत् टीबी मरीजों की जांच पर विशेष ध्यान दे। उन्होने जिला स्तर भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय जनजातीय युवाओं को प्राथमिकता देने के लिए भी बैठक में निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनोद कुमार भोयर, सिविल सर्जन, डीपीएम राजीव बघेल, खण्ड चिकित्सा अधिकारी,विकास खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### विधायक धनेन्द्र साहू ने 4 ग्रामों के सड़को का नवीनीकरण निर्माण कार्यो के लिए 170.37 लाख की स्वीकृति प्रदान करवाये

**नवापारा राजिम** - अभनपुर विधान सभा क्षेत्रीय विधायक धनेन्द्र साहू जी ने अपने विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से (1) जियोदिया नगर -अभनपुर(01 टी 06 ) से खोला लम्बाई 4.08 किमी हेतु 77.82 लाख (2) निमोरा(01 टी 01) से तूता लम्बाई 1.85 किमी हेतु 28.34 लाख (3) महानदी केनाल(01 से 06) से ठेलकाबांधा लम्बाई 1.97 किमी हेतु 29.97 लाख (4) झांकी (01 से 01) से बकतरा लम्बाई 2.25 किमी हेतु 34.24 लाख इस प्रकार कुल 04 सड़कों का नवीनीकरण कार्यो के लिए 170.37 लाख रु की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान किया गया है। उक्त सभी कार्यो की स्वीकृति प्राप्त होने के फलस्वरूप नागरिकों एवं जनप्रतिनियों में हर्ष व्याप्त है। सभी नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों एवं ब्लाक तथा जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो ने विधायक श्री धनेन्द्र साहू का आभार व्यक्त किये है।

### कबड्डी प्रतियोगिता

**नवापारा राजिम।** कबड्डी प्रतियोगिता ग्राम तर्रा में सम्पन्न हुआ जिसमें विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी शरद पारकर कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री पारकर ने उपस्थित खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त करते हुए बधाई दी।टीम भावना से खेलने के लिए कहा। इस कार्यक्रम के समापन पर एफ आर पटेल को सेवा निर्वित प्रधान पाठक का विदाई कार्यक्रम में तर्रा ग्रामवासी बड़ी सँख्या में शामिल होकर भाव विभोर होकर श्री पटेल सर जी को विदाई दी।

## कलेक्टर से शिकायत

# प्रधानपाठक पर मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी का आरोप

स्वदेश संवाददाता, कवर्धा

मुंगेलीडीह विकासखण्ड - स/लोहरा,के प्राथमिक शाला में पदस्त शिक्षिका श्रीमति रीता कौशिक जो की प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत है। प्रधान पाठिका होने के कारण समय पर विद्यालय नही आती न ही बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देती जिसकी शिकायत लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर , मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत , खण्ड शिक्षा अधिकारी स/लोहारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व स/लोहरा.मुख्यकार्यपालन जनपद पंचायत स/लोहारा ,,सरपंच ग्राम पंचायत खैरझिटी खुर्द सहित जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम से की है साथ ही उन्हें अन्य जगह स्थानांतरित करने का निवेदन भी किए है ।

### मीनू का पालन नही

ग्रामीणों ने अपने शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाए है कि प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन का संचालन स्वंय प्रधान पाठिका के द्वारा किया जा रहा है जिसमे श्रीमती रीता कौशिक द्वारा मध्यान्ह भोजन तैयार करने हेतु निम्न किस्म का दाल सब्जी में आलू बैगन, एवं केवल एक नग टमाटर

सब्जी बनाने हेतु रसोइया को देता है , साथ ही साथ बच्चों की उपस्थिति के अनुसार चावल भी कम मात्रा में पकाया जाता है जिसके कारण बच्चे घर आने के बाद उसी समय दोबारा खाना खाने आ जाते हैं। जबकि वर्तमान समय में सब्जिया आसानी से व कम दामों में उपलब्ध हो रहे है। इसके बावजूद भी सुखा सब्जी ही बनाए जा रहे है ।

### बर्तनों की सफाई नही

ग्रमीणों ने प्रधान पाठिका पर मध्यान्ह भोजन में उपयोग होने वाले तथा बच्चों को भोजन परोसने वाले बर्तन भी व्यवस्थित नहीं रखते व बर्तन भी बच्चो के दर्ज संख्या के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नही है।

### दुर्व्यवहार का भी आरोप

शिकायत कर्ता विनोद ने बताया कि श्रीमती रीता कौशिक के व्यवहार भी बच्चों तथा पालको के साथ सही नही है जिससे ग्रामवासियों में काफी नाराजगी है उक्त समस्या को देखते हुआ ग्रामीणों ने अधिकारियों के दिए आवेदन पत्र में शिक्षिका श्रीमती रीता कौशिक को अन्य जगह स्थानांतरित करने निवेदन किया है ।

## मुख्यमंत्री ने दिया था जीर्णोद्धार का आश्वासन

# विधायक चंदन कश्यप ने बंधआ तालाब सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया

स्वदेश संवाददाता, नारायणपुर

नारायणपुर जिले के हृदय स्थल बंधआ तालाब सौंद्रीयकरण के लिए हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष वा विधायक चंदन कश्यप जी काफी प्रयास संघर्ष करते हुए छह करोड़ रुपय स्वीकृति करवाए । उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी को भी तालाब के स्थिति को जिले प्रवास के दौरान हेलीकॉप्टर से उपर से दिखाते हुए उन्हें अवगत करवाते हुए कहा कि यह शहर के हृदय स्थल है यह सभी समाज के कार्यक्रम वा सुख दुख के लिए बहु उपयोगी हैं। विधायक जी के बात को और तालाब की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा ये तालाब वाकिब में उपयोगी लायक नही है जलकुंभी से ढका है कहकर जीर्णोधार का आश्वासन दिया तदुपरांत सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति देते हुए राशि स्वीकृत की। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा

अधोसंरचना मद से 604.13 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करते हुए बंधवा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई जिसका आज भूमिपूजन विधायक चंदन कश्यप जी और जनप्रतिनिधियों के हाथो किया गया। इस कार्य को कीर्ति कंस्ट्रक्शन जगदलपुर द्वारा किया जाएगा। आभार प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहां की बंधवा तालाब के सौंदर्यीकरण को जन अपेक्षाओं के अनुरूप किया जाएगा।इस भूमिपूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी शिव कुमार पांडे, जेपी देवांगन,नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी,हीरा सिंह देहारी,नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रमोद, नैलवाल,पीसीसी सदस्य राजेश दीवान,ब्लॉक अध्यक्ष रवि देवांगन,सांसद प्रतिनिधि अजय देशमुख,युवा कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन,सुनील राठौर,रघु मानिकपुरी,संतोष गुड्डू राव, तौहीद खान,विक्रम बैस,शबीर बडगुजर,पार्षद ममता राठौर, बागेश्वरी पात्र,जयंती जैन,विजय सलाम,सोनिका पोर्ते, एनएसयूआई प्रदेश सचिव जय वट्टी, रामसू पोटाई, खिलेन्द्र शोरी,विशाल भद्र, विश्वजीत पात्र,राहुल भंडारी,तुषार ,दिनेश, नागेश,नीरज आदि उपस्थित थे।

# मल्लखम्ब खिलाड़ियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

स्वदेश संवाददाता, नारायणपुर

देश के सर्वश्रेष्ट युथ खेल का महाकुंभ मे शामिल होने अबुझमाड़ के 10 खिलाड़ी जा रहे है। ये खिलाड़ी 5 वां खेलो इंडिया युथ गेम्स 2022 जिसका प्रतिनिधित्व मध्य भारत के मध्यप्रदेश राज्य के उज्जैन शहर में 6 से 11 फरवरी 2023 तक होने जा रहा है उसमें शामिल होंगे। इनमें 12 खिलाड़ियो में से बालक एवं बालिका वर्ग का छत्तीसगढ़ टीम के लिए चयन हुआ है, जिसमे 10 जाबांज खिलाडियों का चयन नारायणपुर के अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी से ही हुआ है। इन चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग से मानू ध्रुव, मोनू नेताम, श्यामलाल पोटाई, राकेश वरदा, संतोष सोरी, रविन्द्र कुमार और बालिका वर्ग से सरिता पोयाम, दुर्गेश्वरी कुमेटी, संताय पोटाई, जयंती कचलाम,

हिमांशी उसेंडी और शिक्षा दिनकर आदि खिलाड़ियो का चयन हुआ है। साथ ही छत्तीसगढ़ टीम की ओर से मुख्य प्रबंधक के लिए श्री प्रेम चन्द्र शुक्ला और टीम कोच के लिए श्री मनोज प्रसाद एवं श्रीमती पूनम प्रसाद भी इन खिलाड़ियों के साथ जाएंगे। खिलाड़ियों को विधायक श्री चंदन कश्यप, कलेक्टर श्री अजीत वसन्त, सीईओ देवेश ध्रुव जिला पंचायत नारायणपुर, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, डॉ सुमित कुमार गर्ग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं खेल विभाग, सीएमओ मोबिन अली नगर पालिका, आर आई दीपक साव, छत्तीसगढ़ मल्लखम्ब संघ के अध्यक्ष पीसी शुक्ला, सचिव डॉ राजकुमार शर्मा, जिला मल्लखम्ब संघ के अध्यक्ष श्रीमती सुनीता दुग्गा, अबुझमाड़ मल्लखम्ब अकादमी के अध्यक्ष श्री आकाश जैन, सदस्य राहुल देव, आर. सी. दुग्गा, अमित मंडल, सोमा पोटाई आदि एवं महाप्रबंधक रावघाट भिलाई स्पात सयंत्र द्वारा विशेष सहयोग के साथ आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी गई।

## 15 सदस्यीय नगर पंचायत में आश्चर्यजनक ढंग से अविश्वास प्रस्ताव के मुकाबले 15 मतों से ध्वस्त जिला कांग्रेस की रणनीति हुई कामयाब

**फिंगेश्वर:**-नगर पंचायत फिंगेश्वर में आज कांग्रेस समर्थित उपाध्यक्ष श्रीमती रूखमणी मांडले के विरूद्ध 7 पार्षदों द्वारा रखा गया अविश्वास प्रस्ताव बड़े ही आश्चर्य जनक तरीके से 15-0 से ध्वस्त हो गया। नगर पंचायत में कुल 15 पार्षद है। नगर पंचायत 7 पार्षदों दीपक श्रीवास, हेमा सोनी, नरेश लहरे, मंजू हरित, बेनी सोनवानी, रंभा ध्रुव, अरूण साहू, ने कलेक्टर के समक्ष उपाध्यक्ष श्रीमती मांडले पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया था। जिस पर कलेक्टर ने उस आवेदन का व्हेरीफिकेशन उपरांत आज 3 फरवरी को एस.डी.एम. राजिम श्रीमती पूजा बंसल का अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराने का निर्देश दिया। अविश्वास प्रस्ताव के बाद से ही कांग्रेसी विधायक अमितेष शुक्ल के दिशा निर्देश में उपाध्यक्ष के पक्ष में सक्रिय हो गए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंग साहू लगातार नगर पंचायत के कांग्रेस पार्षद, निर्दलीय पार्षद एवं प्रस्तान रखने वाले पार्षदों के मध्य समन्वय बनाने संपर्क करते रहे।

## संसार में सांच बराबर तप नहीं और झूठ बराबर पाप नहीं

स्वदेश संवाददाता, सिमगा

सद्गुरू संत समागम सामारोह माघ मेला में तृतीय दिवस पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब ने कहा कि संसार में सांच ( सत्य ) बराबर तप नहीं और झूठ बराबर पाप नहीं

सत्य के मार्ग पर चलना कोई बच्चों का खेल नहीं है । हम कबीरपंथियों के लिए केवल कबीर साहब ही हमारे सद्गुरु है । साहब ने सद्गुरु की तुलना कुम्हार से की है और शिष्य की तुलना कुभं से किया है । जैसे कुम्हार घड़े को सुदंर एवं सही आकर में बनाने के लिए उसे हाथ से साहारा देता है लेकिन उसे बाहर से चोट करता रहता है । तब जाकर उस घड़े की कीमत बाजार में अच्छी मिलती है । उसी प्रकार सद्गुरु भी अपने शिष्य को शब्दों की मार चोट से सही राह में लाने का प्रयास करते है सद्गुरु के शब्दों की मार केवल व ही झेल सकता है जो सद्गुरू के चरणों से सच्चा प्रीति रखता है जो वयक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है उसे शुरुआत में दुख तकलीफ का सामना करना पड़ता है लेकिन बाद में वही वयक्ति संसार में सुखद जीवन जीता है । संत समागम समारोह माघ मेले में तृतीय दिवस लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे । जो देश के कोने कोने से पंथ श्री के दर्शन व प्रवचनों का लाभ लेने पहुंचे है।

संत समागम सामारोह माघ मेले में प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन भी होता है जंहा तृतीय दिवस भंडारे में गुरु माता मनीषा साहिबा सुलक्षणा साहिबा ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया ।

## चंद्रवंशी ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

स्वदेश संवाददाता, कवर्धा

आज युवा जनपद सदस्य अमित चंद्रवंशी के नेतृत्व में साथ में नंदलाल चंद्राकर जनपद सदस्य रामकुमार बंजारे जनपद सदस्य के साथ काफी संख्या में पंडरीपानी ग्राम पंचायत बिरहुलडीह जनपद पंचायत पंडरिया के आदिवासियों द्वारा कवर्धा के कलेक्टर ऑफिस पहुंच कर अपने प्रधानमंत्री आवास के लिए जो चयनित भूमि को दिलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। टीकाराम पंच ने बताया कि हम सब ग्रामवासी को प्रशासन द्वारा यह बताया गया था की अपने अपने लिए जमीन पसंद करो इसलिए हम सब ग्रामवासी अपना जमीन पसंद किये है लेकिन हाथियों के आतंक के कारण हम सभी ग्रामवासी अपना मकान लालपुर देवशरा रोड में पुनर्वाशी ग्राम में बनाना चाहते हैं और हमे प्रधानमंत्री आवास हेतु चयनित भूमि को दिलवाने की मांग करते हैं।

## शालाओं का कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

स्वदेश संवाददाता, नारायणपुर

कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री पुष्कर शर्मा द्वारा आज ग्राम तुरठा एवं कलेपाल प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला का निरीक्षण कर अध्ययन एवं अध्यापन के संबंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने कक्षा चौथी और पांचवी के छात्रों से रूबरू होते हुए उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। मौके पर स्कूल प्राचार्य ने अवगत कराया कि शाला मे 02 स्टाफ व एवं 37 बच्चे अध्ययनरत हैं। शाला परिसर में व्यवस्थित किचन गार्डन एवं बच्चों के आत्मविश्वास को देखकर कलेक्टर ने सराहना करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को निर्देश दिए। साथ ही अधिकारी द्वय द्वारा बच्चों को नोटबुक एवं पेन भी प्रदाय किए गए। प्राचार्य द्वारा स्कूल के हैंडपंप मरम्मत की मांग पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को तुरंत सुधार करने को कहा।

ग्राम कलेपाल के प्राथमिक शाला के निरीक्षण में भी कलेक्टर ने कहा कि शिक्षको का पढ़ाई के अलावा यह भी दायित्व है कि स्कूल नहीं आने वाले बच्चों के पालको से स्वयं चर्चा कर बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें, इसके साथ ही उन्होंने यहां मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की जानकारी लेते हुए रसोई का भी निरीक्षण किया। ग्राम कलेपाल के गोठान के निरीक्षण के दौरान यहां स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा कलेक्टर के समक्ष मजदूरी भुगतान एवं पाईप की मांग की गई।

## संस्थागत प्रसव एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें -अजीत

स्वदेश संवाददाता, नारायणपुर

कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री पुष्कर शर्मा ग्राम दण्डवन के हाईस्कूल के औचक निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों एवं शिक्षकों द्वारा कार्यरत् प्रभारी प्राचार्य राधेश्याम नायक की अनुपस्थिति तथा अध्यापन में लापरवाही बरतने की शिकायत पर कलेक्टर ने उनका वेतन रोकने का निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कक्षा दसवीं के छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर अच्छी तैयारी करने की समझाईश दी। उनके द्वारा छात्रों के भावी कैरियर के संबंध में पूछने पर छात्रों ने उन्हें शिक्षक, सैनिक, कलेक्टर एवं चिकित्सक बनने की इच्छा जताई। इस पर कलेक्टर ने उन्हें प्रोत्साहन एवं समझाईश देते हुए कहा कि शाला में पढ़ाई के अलावा वे घर में भी नियमित रूप से पढ़ाई करें। साथ ही उन्होनें छात्रों को दैनिक समाचार पत्रों को नियमित पढ़ने की सलाह दी। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों को शाला में ही न्यूज पेपर डेस्क की व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी द्वारा छात्रों को खेल सामग्री के तहत् व्हॉलीबाल एवं नेट भी दिया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने यहां हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का

निरीक्षण करते हुए संस्थागत प्रसव एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। सेंटर में पदस्थ ए.एन.एम. द्वारा बोर खनन एवं प्रसाधन कक्ष की मरम्मत तथा अहाते में विद्युत व्यवस्था की मांग पर उन्होंने स्थानीय सरपंच को तत्काल निदान करने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री देवेश कुमार ध्रुव, एसडीएम श्री जितेन्द्र कुर्रे, सी.ई.ओ. जनपद पंचायत श्री घनश्याम जांगड़े सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने निम्न वाहनों के संबंध में एक नीलामी का आयोजन किया है।

1) मारुती SWIFTDZIRM
CG10AZ9805
YOM 2021
न्युनतम् आरक्षित मूल्य 391500
2) महिन्द्रा- BOLPIKUP
CG06GP8164
YOM 2019
न्युनतम् आरक्षित मूल्य 319500
3) महिन्द्रा- BLAZO37G
CG12AX8955
YOM 2019
न्युनतम् आरक्षित मूल्य 805000

मेसर्स कोटक महिंद्रा बैंक के साथ दृष्टिबंधक के तहत इसकी 'जहाँ है जैसी स्थिति है' में बिक्री के अधीन है।

इच्छुक पक्ष इस पेपर के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर यानी 20.02.2023 को या उससे पहले अपने कोटेशन (ऑनलाईन/ऑफलाईन) दे सकते हैं

(कृपया ध्यान दें कि नीलामी की अंतिम तिथि साप्ताहिक अवकाश/छुट्टी नहीं होगी)।

kotak
Kotak Mahindra Bank

शाखा का पता:
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
ब्लॉक बी 1, तीसरी मंजिल, पुजारी कॉम्पलेक्स, पचपेड़ी नाका चौक के पास, रायपुर छत्तीसगढ़-492001 या
संपर्क: सिबा स्वेन,
मो. 93027 23072
ई-मेल: siba.prasadaswain@kotak.com

एल&टी फाइनैंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 15वीं मंज़िल, पीएस सृजन टेक पार्क प्लॉट नं. 52, ब्लॉक डीएन, सेक्टर वी, सॉल्ट लेक सिटी कोलकाता 700 091, ज़िला 24-परगनाज़ नॉर्थ।
CIN No.: U65910WB1993FLC060810
शाखा कार्यालय: रायपुर

L&T Financial Services

**कब्जा नोटिस**
[नियम 8 (1)]

जब कि सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत एल&टी फायनांस लिमिटेड (पहले, एल&टी हाउसिंग फायनांस लि. का विलय एनसीएलटी मुंबई तथा एनसीएलटी कोलकाता द्वारा मान्य एकीकरण द्वारा स्कीम ऑफ अमाल्गमेशन के तहत एल&टी फायनांस लि. के साथ 12 अप्रैल 2021 से प्रभावी तौर पर हो चुका है) और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के (नियम 3) के साथ पढ़ते हुए उक्त कानून की धारा 13 (12) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए उक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन के अंदर नीचे सलग्न मांग सूचना में वर्णित राशि चुकाने के लिए कर्जदार/सह-कर्जदारों को मांग सूचना के दिनांक से भुगतान होने तक आगामी ब्याज और प्रभारों के साथ अदा करने का आवाहन किया जाता है. कर्जदार, रेहन रखनेवाले व्यक्ति, गारंटर ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ मिलकर संपूर्ण सूचना की राशि चुकता करने में विफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर और जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इस सूचना के उक्त नियम 8 के अंतर्गत यहाँ नीचे वर्णित गिरवी संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है.

| ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता/ओं, सह-उधारकर्ता/ओं और गारंटीदाताओं का नाम | बंधक रखी गई संपत्तियों का विवरण | | | मॉंग नोटिस | | लिए गए कब्जे का दिनांक और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | दिनांक | बकाया राशि (₹) | |
| RAIHL17000177<br>RAIHL17000178 | नीलेश धीर<br>सीमा धीर | इस पते पर स्थित संपत्ति का प्रत्येक भूखंड: फ्लैट नं. बी-1/4, पहली मंज़िल, सूर्या टावर, टीकरापाड़ा, पीसी नं. 114, वीर शहीद पंकज विक्रम वार्ड नं. 39, रायपुर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001 | | | 17-07-2018 | रु. 5016666.1/- 12-07-2018 तक | 30-01-2023 वास्तविक कब्ज़ा |
| | | सीमाएँ | पूर्व | पैसेज कॉरिडोर | | | |
| | | | पश्चिम | OTS | | | |
| | | | उत्तर | फ्लैट नं. बी-1/3 | | | |
| | | | दक्षिण | फ्लैट नं. बी-1/1 | | | |

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं/गारंटीदाताओं को विशेष रूप से और आम जनता को सामान्यस रूप से एतदद्वारा संपत्ति का सौदा न करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति का कोई भी सौदा माँग नोटिस की तिथि से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ माँग नोटिस में उल्लिखित राशि के लिए एल&टी फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा.

कृते/-
प्राधिकृत अधिकारी
एल&टी फाइनेंस लिमिटेड के लिए

दिनांक: 04.02.2023
स्थान: रायपुर

POONAWALLA HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

**पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
अधिकृत आफिस : 602,6वां तल जीरो वन आई टी पार्क एसआर नं. 79/1 घोरपडी, मुंधवा रोड, पूणे-411036
शाखा कार्यालय : यूनिट- एफएफ 11 चतुर्थ तल गिरीश हाईट्स के पास एलआईसी स्क्वायर, ख.नं. 101/2 सिटी सर्वे नं.-1870, शीट नं. 137/29, मौजा सीता बुल्दी, नागपुर-440001, महाराष्ट्र

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**

एतदद्वारा सामान्य रूप से सार्वजनिक रूप से और उधारकर्ताओं/सह-बोयर्स/जमानतदारों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संपत्ति, मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस के पास गिरवी रखी गई लूट को अब निगमन प्रमाणपत्र के तहत पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीएचएफएल) के रूप में पुनर्निर्मित किया गया है। सरफेसी अधिनियम की धारा 1314)/14 के तहत पीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिसे हम कार्रवाई के माध्यम से बेच सकते हैं लागू ब्याज शुल्क और लागत के साथ PHFL की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई शर्तों का उल्लेख किया गया है। वर्णित संपत्ति बेची गई प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली के नियम 8 और 9 के तहत बिना संसाधन के जो जहां है जैसा है उस अनुसार
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया PHFL / सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट Le www.poonawallahousing.com में दिए गए लिंक को देखें ।

| प्रस्ताव नं. ग्राहक नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार (सी) | सम्पत्ति का विवरण (डी) | रिजर्व प्राइस (ई) | ई.एम.डी. 10% आर.पी. (एफ) | ईएमडी जमा दिनांक (जी) | इन्क्रीमेंटल विड (एच) | संपत्ति मूल्यांकन दिनांक व समय (आई) | नीलामी दिनांक और समय (जे) | एनकंबेंसेस/कोर्ट के कोई भी मामले (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोन नं. : HM/0022/H/16/100034 और HL/0022/H/17/100014<br>सतीश राय (उधारकर्ता)<br>सुशीला देवी<br>राजकुमार राय<br>(सह उधारकर्ता) | नोटिस दिनांक : 13/08/2019 और 22/09/2022 राशि 25,29,968/- (पच्चीस लाख उंतीस हजार नौ सौ अड्सठ केवल) भुगतान राशि 05/08/2019 ब्याज सहित @15.05 अंतिम भुगतान तक.<br>राशि 766834.98 (रुपए सात लाख छयांसठ हजार आठ सौ चौंतीस एवं अन्ठानवे पैसा) भुगतान राशि 22/09/2022 ब्याज सहित @12.80 अंतिम भुगतान तक. | भौतिक | सभी पीस और पार्सल बंधक संपत्ति खसरा नं. 677/3 स्थित है गोंडवारा नेताजी कन्हैयालाल वार्ड, वार्ड नं. 08 खाता नं. 820, पी.सी. नं. 108/38, आर.आई.सी. रायपुर-1, पिन 492011 क्षेत्र 1200 वर्गफीट घिरा है: उत्तर : राधेलाल की भूमि, दक्षिण : राव की जमीन, पूर्व :: अन्य की जमीन, पश्चिम : सड़क | राशि 25,89,300/- रुपए पच्चीस लाख नवासी हजार तीन सौ केवल | राशि 2,58,930/- रुपए दो लाख अट्ठावन हजार नौ सौ तीस केवल | 23.02.2023 शाम 5 बजे के पूर्व | 10,000/- | 17.02.2023 प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक | 24.02.2023 (प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक) | निल |

**खरीद और बिक्री के विवरण और पूछताछ के लिए, श्री इकबाल आलम से संपर्क करें +919958195453**

इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे PHFL शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियों को जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें/ सभी वैधानिक देये राशि जैसे संपत्ति के किराए, बिजली, पानी का बकाया और कोई अन्य बकाया, यदि कोई संपत्ति से जुड़ा है, तो सफल बोलीदाता इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल के साथ खुद को पंजीकृत करना होगा और लॉगिन आईडी और पासवर्ड अग्रिम रूप से प्राप्त करना होगा, जो नीलामी सेवा प्रदाता से ई-बोली के लिए अनिवार्य है) C1 India PVT LTD पता- प्लॉट नंबर-68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003 हेल्पलाइन नंबर - 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी - Support@bankeauctions.com. संपर्क व्यक्ति - विनोद चौहान, ईमेल आईडी-delhi@c1india.com संपर्क नंबर- 9813887931 कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोली लगाने वाले को 'पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड', बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना जमा (ईएमडी) की राशि जमा करनी होगी। खाता संख्या- 000651000460 और IFSC कोड- ICIC0000006, 20, आर.एन. मुखर्जी रोड-कोलकाता-700001 किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर 23/02/2023 को या उससे पहले आहरित और अपना नाम https://www.bankeauctions.com पर पंजीकृत करें एवं यूजर आईडी एवं पासवर्ड निशुल्क प्राप्त करें तथा सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर उनके पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड, ई-मेल और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी प्राधिकृत अधिकारी, श्री तुषार जोशी, पता- FF11, चौथी मंजिल, गिरीश हाइट्स, एलआईसी स्क्वायर के पास, खसरा नंबर 101/2, सिटी सर्वे नंबर 1870, शीट नंबर-137/29, मौजा सीताबुल्डी, नागपुर-440001, महाराष्ट्र, मोबाइल नं. +91 9503371360, ई-मेल आईडी tushar.joshi@poonawallahousing.com

दिनांक: 04.02.2023
रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)